कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर रोड, भोपाल 462 003 )
Website: - www.klsgaci.edu.in दूरभाष क्रं. – 0755 – 2970310
E-mail :- Principal@Klsgaci.edu.in

क्रमांक / 2019 / छात्रकक्ष / 1511 भोपाल, दिनांकः 61 / 11 / 2019

प्रति,

संचालक

जनसंपर्क बाण गंगा

भोपाल (म.प्र.)।

विषयः– पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत्।

––00––

विषयान्तर्गत कृपया पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल के सत्र 2019–20 के लिये पैरामेडिकल पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु विज्ञापन को जनहित प्रदेश के एक प्रमुख हिन्दी समाचार पत्र तथा रोजगार एवं निर्माण मे प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

संलग्न विज्ञापन का प्रारूप – 07 प्रति।

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

जनसंपर्क संचालनालय
(विज्ञापन शाखा)
1 NOV 2019
जावक क्र....
मध्यप्रदेश शासन

# कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
## पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, भोपाल )

**E-mail:** principal@klsgaci.nic.in

Website: www.klsgaci.edu.in

**Phone: 0755-2970310**


क्रमांक/2019/छात्रकक्ष/ 1412 भोपाल, दिनांकः 01 / 11 /2019

डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) – (02 वर्षीय)

//पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश//

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल में सत्र 2019–20 के लिए निम्नानुसार पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पाठ्यक्रम | उपलब्ध सीट की श्रेणीवार संख्या | | | | | | | | | कुल सीट संख्या | पाठ्यक्रम की अवधि | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रदेश के बाहर हेतु सीट | अना. | | अ.जा. | | अ. ज.जा. | | अ.पि. वर्ग | | | | |
| | | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | | |
| 1 | डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) 02 वर्षीय | 06 | 13 | 06 | 06 | 02 | 07 | 03 | 05 | 02 | 50 | 02 वर्षीय | 10+2 (भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान) अथवा समकक्ष |

आवेदन पत्र का प्रारूप व नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी संस्थान की Website: www.klsgaci.edu.in से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि आवेदन पत्र संस्थान से ही प्राप्त करना चाहे तो हस्ते प्राप्त करने हेतु अनारक्षित वर्ग आवेदन के लिये रूपये 200/– मात्र तथा आरक्षित वर्ग के लिये रूपये 100/– का बैंक ड्राफ्ट जो कि प्रधानाचार्य पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल के नाम देय हो, का निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। भरे हुये आवेदन पत्र वांछित दस्तावेजों की अभिप्रमाणित प्रतियों सहित संस्थान में कार्यालयीन समय में जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.11.2019 है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा। पाठ्यक्रम में प्रवेश, मैरिट के आधार पर महाविद्यालय ऑफलाईन काउंसलिंग के माध्यम से दिया जायेगा। काउंसलिंग दिनांक 26.11.2019 को प्रातः 10:00 बजे से निर्धारित है, शेड्यूल विस्तृत शेड्यूल वेबसाईड पर उपलब्ध है, अनुसार काउंसलिंग में भाग लेते समय अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते समय आवेदन के साथ संलग्न किये गये अभिप्रमाणित दस्तावेजों के मूल दस्तावेज एवं निर्धारित शुल्क के साथ में लाना सुनिश्चित करें। इस हेतु पृथक से कोई कॉल लेटर नहीं भेजा जायेगा। काउंसलिंग में भाग लेने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(डॉ. उमेश शुक्ला)

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
## पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान,
( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, भोपाल )

E-mail: principal@klsgaci.nic.in

Website: www.klsgaci.edu.in
Phone: 0755-2970310


क्रमांक / 2019 / छात्रकक्ष / 1513

भोपाल, दिनांक: 01 / 11 / 2019

प. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल में सत्र 2019-20 के लिए निम्नानुसार पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पाठ्यक्रम | उपलब्ध सीट की श्रेणीवार संख्या | | | | | | | | | कुल सीट संख्या | पाठ्यक्रम की अवधि | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रदेश के बाहर हेतु सीट | अना. | | अ.जा. | | अ. ज.जा. | | अ.पि. वर्ग | | | | |
| | | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | | |
| 1 | [illegible] इन फार्मेसी [illegible] वर्षीय | 06 | 13 | 06 | 06 | 02 | 07 | 03 | 05 | 02 | 50 | 02 वर्षीय | 10+2 [illegible] |

*निर्देश:-*

1 आवेदक अपने आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में आवश्यक संलग्नकों के साथ दिनांक 25 नवम्बर 2019 तक **"कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद** महाविद्यालय एवं **संस्थान, विज्ञान पहाड़ी, मैनिट के पीछे, कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड, भोपाल"** पिन कोड नंबर **462003** में डाक से या स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

2 लिफाफे के ऊपर पाठ्यक्रम का नाम **लाल स्याही** से अंकित करें।

3. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

4 **आयु सीमा**- न्यूनतम आयु सीमा 30 जून 2019 तक 17 वर्ष पूर्ण।

5 म.प्र. के अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों के लिए 20 प्रतिशत स्थान, अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए 16 प्रतिशत स्थान एवं अन्य पिछड़े वर्गो के उन अभ्यर्थियों के लिए जो क्रीमिलेयर से भिन्न हैं 14 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे। महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण प्रत्येक प्रवर्ग में 30 प्रतिशत होगा अर्थात यह आरक्षण होरिजेन्टल एवं कम्पार्टमेंटलाइज्ड होगा। ऐसे विकलांग अभ्यार्थी जो म.प्र. के मूल निवासी हैं, के लिए 06 प्रतिशत स्थान प्रत्येक पाठ्यक्रम में नियमानुसार प्रवेश हेतु आरक्षित है।

6. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारो को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।

7. चयन 10+2 (बारहवीं) परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मैरिट सूची अनुसार किया जायेगा।

8. डिप्लोमा इन फार्मेसी (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम के लिये निर्धारित फीस राशि रू. 27,600/– (रू. 5000/– कांशनमनी सहित) एवं द्वितीय वर्ष में राशि रूपये 21,800/– वार्षिक देय होगी ।
9. आवेदक पाठ्यक्रम हेतु आवेदन करना चाहता है तो आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क का बैंक ड्राप्ट प्रस्तुत करना होगा।
10. आवेदन पत्र के साथ अनारक्षित वर्ग के लिये रू. 200/– तथा आरक्षित वर्ग के लिये रू. 100/– का बैंक ड्राफ्ट लगाना अनिवार्य है, जो कि **"प्रधानाचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल"** के नाम से देय होगा ।
11. प्रदेश के बाहर हेतु निर्धारित सीटो पर उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर प्रदेश के उम्मीदवारो से सीटे भरी जावेगी इसी प्रकार आरक्षित संवर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध ना होने पर नियमानुसार अन्य संवर्ग के उम्मीदवारो से सीटे भरी जावेगी ।

काउंसलिंग शेड्यूल :– 1. डी. फार्मा आयुर्वेद दिनांक 26/11/2019 प्रातः 10:00 बजे से।

नोट :– उपरोक्त काउंसलिंग शेड्यूल अनुसार अभ्यार्थियो द्वारा आवेदन करते समय आवेदन के साथ संलग्न अभिप्रमाणित छायाप्रति दस्तावेज के अनुक्रम मे मूल दस्तावेज एवं निर्धारित शुल्क साथ में लाना सुनिश्चित करें। ।

(डॉ. उमेश शुक्ला)
प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी